Title: Need for construction of a road overbridge near Khagaria railway station, Bihar.

श्रीमती रेनु कुमारी (खगड़िया) : उपाध्यक्ष महोदय, खगड़िया रेलवे स्टेशन के पूर्वी ढ़ाला से सटे एन.एच.-31 स्थित खगड़िया एवं होम गार्ड फांड़ी के बीच रोड ओवर ब्रिज के निर्माण की अत्यंत आवश्यकता है। इस स्थल के नज़दीक सदर अस्पताल, बैंक, जेल, महाविद्यालय, अनुमंडल कार्यालय, डी.ए.वी. स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय, मंडल दूर संचार कार्यालय, समाहरणालय तथा कई रिहायशी इलाके हैं। यहां दिन में करीब 40 जोड़ी रेलगाड़ियों के चलने से बार-बार फाटक बंद हो जाता है जिससे ढ़ाला के दोनों तरफ गाड़ियों का तांता लग जाता है इससे यातायात में आम लोगों, कर्मचारियों तथा अधिकारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उपरोक्त स्थल पर रोड ओवरब्रिज बन जाने से इन परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। अत: आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से उपरोक्त स्थल पर रोड ओवर ब्रिज निर्माण की मांग करती हूं।